# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–18 जून 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प से जोर देकर कहा है कि पाकिस्तान के साथ मामले सुलझाने में भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया और आगे भी नहीं करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस संबंध में जानकारी दी।

***प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा कभी भी किसी भी स्तर पर भारत अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। सैन्य कार्यवाही रोकने की बात सीधे भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों सेनाओं की एग्जिस्टिंग चौनल्स के माध्यम से हुई थी, और पाकिस्तान के ही आग्रह पर हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत ने न तो कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, न करता है, और न ही कभी करेगा।***

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया है कि टेलीफोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में चर्चा की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने दोहराया कि भारत अब आतंकवादी कृत्यों को छद्‌म कार्रवाई नहीं, बल्कि युद्ध की कार्रवाई मानेगा। इस दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लडाई के प्रति समर्थन व्यक्त किया। विदेश सचिव ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को क्वाड की अगली बैठक के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। राष्ट्रपति भवन में हुयी इस मुलाकात की श्री योगी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर तस्वीरें साझा करते हुए राष्ट्रपति के प्रति आभार जताया । इससे पूर्व आज सुबह मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में दो सौ से अधिक लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्यायें सुनीं। श्री योगी ने सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया । उन्होंने कल शाम गोरखनाथ मंदिर में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की भी समीक्षा की ।

**********

देश आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने दी। उन्होंने ''विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह साल'' विशेष श्रंखला के तहत कल आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत की। इस विशेष साक्षात्कार में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि अब तक सतहत्तर करोड़ देशवासियों का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता पहचान पत्र बन चुका है।

***इस यूनिक आईडी के साथ देश के नागरिक अपनी हेल्थ रिकॉर्ड्स को लिंक–अप कर सकते हैं और 55 करोड़ लोग अपने हेल्थ रिकॉर्ड्स को इससे लिंक–अप कर चुके हैं। तो एक ऐसी क्रांतिकारी पहल है जिसके माध्यम से लोगों के लिए किसी भी समय, किसी भी स्थान से और सुरक्षित ढंग से अपने हेल्थ रिकॉर्ड्स को एक्सेस करना संभव हो पा रहा है, तो अब हमें किसी फाइल में रखने की जरूरत नहीं है, हम अपने फोन पर ही उसको जब चाहे एक्सेस कर सकते हैं।***

**********

सरकार इस वर्ष पंद्रह अगस्त से तीन हजार रुपये की कीमत वाले फास्टटैग–आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करेगी। इससे देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफायती यात्रा संभव होगी।

**********

आयुष विभाग अपने चार सौ विशेष ट्रेनरों के माध्यम से प्रदेश भर में योग करवाएगा। यह जानकारी प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज वाराणसी में दी। उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इक्कीस जून को राजभवन, मुख्यमंत्री आवास और प्रदेश के सभी जिलों में इन ट्रेनरों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित कर योग कराया जाएगा।

**********

बुलंदशहर जिले के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जानीपुर चंदौस के पास एक कार में आग लगने से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक किशोरी घायल है। यह हादसा उस समय हुआ जब कार सवार यह सभी लोग एक समारोह में शामिल होकर बदायूं जिले से दिल्ली लौट रहे थे। अचानक आज सुबह यह कार पुलिया से टकरा कर पलट गई और उसमें आग लग गई।

**********

प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में आ चुका है। इसकी वजह से प्रदेश के पूर्वी भाग में कल से लगातार चार दिनों तक लगभग सभी स्थानों पर वर्षा की संभावना है। वहीं पश्चिमी उतर प्रदेश में भी बीस जून से तीन दिनों तक लगभग सभी स्थानों पर वर्षा होगी। मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश भर में इसके बाद भी अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा की संभावना व्यक्त की है।

**********